QUICK NEWS

पश्चिम रेलवे की ट्रेनें प्रभावित

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई. पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ और ट्रेनें प्रभावित हुई हैं. इसके चलते कुछ ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है. 4 फ़रवरी को छूटी ट्रेन संख्या 02903 मुंबई सेंट्रल -अमृतसर स्पेशल ट्रेन को व्यास-जनडियाला-अमृतसर की बजाय परिवर्तित मार्ग व्यास-तरन तारन -अमृतसर के रास्ते चलाया जायेगा. 5 फरवरी को छूटने वाली ट्रेन संख्या 02904 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन को अमृतसर-जनडियाला-व्यास की बजाय परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलाया जायेगा. 5 फरवरी को छूटने वाली ट्रेन संख्या 02925 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर स्पेशल ट्रेन को व्यास -जनडियाला-अमृतसर की बजाय परिवर्तित मार्ग व्यास -तरनतारन -अमृतसर के रास्ते चलाया जायेगा. 5 फरवरी को छूटने वाली ट्रेन संख्या 02926 अमृतसर- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन को अमृतसर- जनडियाला- व्यास की बजाय परिवर्तित मार्ग अमृतसर- तरन तारन- व्यास के रास्ते चलाया जायेगा.

रेल परियोजनाओं को मिलेगी गति

कल्याण-कसारा लाइन के लिए 168 करोड़, पश्चिम रेलवे में स्पीड बढ़ाने पर जोर

650 करोड़ एमआरवीसी की परियोजनाओं के लिए

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई. संसद में पेश किए गए आम बजट में समाहित रेल बजट में मुंबईकरों को राहत प्रदान करने के लिए भले ही कोई नई घोषणा न की गई हो परंतु पहले से घोषित योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए इस बजट में अच्छी-खासी निधि उपलब्ध कराई गई है. मुंबई व उपनगरों में रेल यात्रियों की सुविधा का जिम्मा पश्चिम व मध्य रेलवे के साथ एमआरवीसी का भी है. आम बजट में इन तीनों एजेंसियों को यात्री सुविधा व सेवा में विस्तार के लिए नए बजट में प्रावधान किया गया है.

WR के लिए 7288 करोड़ रुपए

पश्चिम रेलवे के लिए कुल 7288 करोड़ रुपये सकल बजट बनाया गया है, जो 2020-21 की तुलना में 3.5% ज्यादा है. नेट प्लान आउटले के रूप में 2021-22 में 4374 करोड़ उपलब्ध होंगे. पश्चिम रेलवे में भी उपनगरीय यात्रियों की सुविधा के अलावा लंबी दूरी की गाड़ियों की स्पीड बढ़ाने के लिए निधि उपलब्ध कराई गई है. पश्चिम रेलवे के दिल्ली रूट की ट्रेनों की स्पीड 160 से 200 किमी प्रति घंटा करने की योजना है. इसके लिए 1340 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसमें नई लाइनें, गेज रूपांतरण और दोहरीकरण जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं. बताया गया है कि रोलिंग स्टॉक, कम्प्यूटरीकरण, सड़क सुरक्षा कार्यों, सिग्नलिंग आधुनिकीकरण, कर्मचारी कल्याण के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की गई है. पश्चिम रेलवे में 662.59 करोड़ आरओबी, आरयूबी / एलएचएस और लेवल क्रॉसिंग आदि के लिए आवंटित किए गए हैं, 870 करोड़ रुपये अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों जैसे ट्रैक नवीकरण, पुल कार्य, सुरंग कार्य आदि के लिए आवंटित किए गए हैं.

मध्य रेलवे के लिए 7715 करोड़ का बजट

आम बजट में मध्य रेलवे को 7715 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे. नेट प्लान आउटले के रूप में मध्य रेलवे की योजनाओं पर 2021-22 में 4830 करोड़ रूपए प्रस्तावित किए गए हैं. नए बजट कल्याण-कसारा तीसरी लाइन 67 किमी के लिए 168.24 करोड़, एलटीटी-कोचिंग सुविधाओं के विस्तार हेतु 10 करोड़, पनवेल-कलंबोली कोचिंग टर्मिनस (चरण- I) (स्टेज- I) - 10 करोड़, सीएसएमटी पर 24 कोचों के लिए प्लेटफार्म विस्तार के लिए 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. मुंबई मंडल पर विक्रोली- सड़क पार करने के एवज में पुल के लिए 10 करोड़ रुपये, कल्याण- लेवल क्रॉसिंग के एवज में रोड ओवर ब्रिज के लिए 7.17 करोड़, दिवा- रेलवे क्रॉसिंग नंबर 2 के बदले रोड ओवर ब्रिज 10 करोड़ रुपये, दिवा-वसई-पनवेल मार्ग पर 6 आरओबी के लिए 18 करोड़, मध्य रेलवे के प्लेटफार्मों पर 115 एस्केलेटर के लिए 50.16 करोड़ आदि यात्री सुविधाओं के लिए बजट उपलब्ध कराया गया है.

एमआरवीसी को मिलेंगे 1300 करोड़

मुंबई व उपनगरों में रेल सेवा सुधार के लिए कार्यरत मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन (एमआरवीसी) को 2021-22 में कूल 1300 करोड़ रूपए उपलब्ध होंगे. इनमें 650 करोड़ रूपए केंद्रीय बजट से एवं 650 करोड़ रूपए राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी. यह निधि मुंबई शहरी परिवहन योजना (एमयुटीपी) के तहत हो रहे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध होगी. एमआरवीसी के सीएमडी आर.एस. खुराना ने बताया कि सेन्ट्रल और वेस्टर्न दोनो लाइनों पर चल रहे प्रोजेक्ट के लिए जरूरत के अनुसार बजट उपलब्ध कराया जा रहा है. पिछले बजट में 550 करोड़ मिले थे . एमयुटीपी-2 के लिए 200 करोड़, एमयुटीपी- 3 के लिए 300 करोड़ व एमयुटीपी 3 ए के लिए 150 करोड़ रूपए परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. इनमें सीएसटी-कुर्ला 5 वीं 6 ठी लाइन, परेल टर्मिनस, ठाणे-दिवा 5 वीं 6 ठीं लाइन, मुंबई सेंट्रल-बोरीवली 6 ठी लाइन, हार्बर सेवाओं का विस्तार, विरार-दहानू लाइन, पनवेल-कर्जत कॉरिडोर, एरोली-कलवा लिंक, एसी रेक आदि योजनाएं शामिल हैं.

सभी एजेंसियों को साथ लाने का सुझाव

बीएमसी बजट के प्रस्ताव पर बवाल

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. बीएमसी बजट में मुंबई की सभी प्रमुख एजेंसी म्हाडा, एमएमआरडीए, एसआरए, बीपीटी व एमआईडीसी को एक साथ लाने का प्रस्ताव किया गया है. मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह सारी एजेंसियां अपने अधिकार के तहत फैसले लेती है, लेकिन सभी एजेंसियों को बीएमसी के अधीन लाने से उनकी आजादी खत्म हो जाएगी. जगताप ने कहा कि इन सभी एजेंसियों की बागडोर बीएमसी को देने से विकास कार्य प्रभावित होंगे और तानाशाही बढ़ेगी. वर्तमान में बीएमसी पर शिवसेना का कब्जा है. वहीं महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार में कांग्रेस व शिवसेना एक साथ हैं, लेकिन बीएमसी में कांग्रेस विपक्ष में हैं.

मुंबईकर हुए निराश

जगताप ने पहले ही ऐलान किया है कि अगले साल होने वाली बीएमसी चुनाव में कांग्रेस अपने बल पर चुनाव लड़ना चाहती है. ऐसे में जाहिर तौर से बीएमसी चुनाव को लेकर आने वाले दिनों में शिवसेना व कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ने वाली है. जगताप ने कहा कि बीएमसी बजट में हमें उम्मीद थी कि मुंबईकरों को 500 वर्ग फुट के घरों पर संपत्ति कर से पूरी तरह से छूट मिल जाएगी, लेकिन यह घोषणा नहीं हुई. उन्होंने कहा कि इससे मुंबईकरों में काफी निराशा है. इस मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जगताप के अलावा मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा , बीएमसी में नेता विपक्ष रवि राजा, महासचिव भूषण पाटिल और संदेश कोंडविलकर मौजूद थे.

500 करोड़ रुपए का नहीं हुआ इस्तेमाल

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष जगताप ने कहा कि बीएमसी आरोग्य विभाग ने शहर में कोरोना महामारी के बाजवूद फंड में पड़े 500 करोड़ रुपए का इस्तेमाल नहीं किया है. यह बेहद चौकाने वाला है. उन्होंने कहा कि नायर अस्पताल में पड़े 300 कंप्यूटरों का भी कोई उपयोग नहीं किया गया है. बीएमसी प्रशासन ने किस तरह की लापरवाही बरती है.

जागरूकता

हॉलीवुड पॉप सिंगर रिहाना द्वारा किसान आंदोलन को लेकर भारतीयों को भड़काने के विरोध और पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा कहे गए हमारे देश के मामले हम खुद निपटा लेंगे के समर्थन में लालबाग गुरुकुल के शिक्षकों ने पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूकता किया.

आधार व पैन कार्ड बरामद, 2 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. बोरिवली में आधार कार्ड का फर्जीवाड़ा सामने आया है. क्राइम ब्रांच ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्होंने एक नेपाली नागरिक व भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक को आधार कार्ड बना कर देने का झांसा देकर धोखाधड़ी की है आरोपी फर्जी कागजात के जरिए भारतीय पहचान पत्र बनाकर देश में अवैध रूप से रहने वालों को आधार कार्ड बना कर देते थे.

झांसा देकर धोखाधड़ी

क्राइम ब्रांच की यूनिट-11 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुनिल माने को सूचना मिली कि बोरिवली (प.) के चामुंडा सर्कल स्थित कैनरा बैंक के ब्रांच में आधार कार्ड बनाने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी हो रही है. पुलिस उपायुक्त अकबर पठान के मार्गदर्शन में प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुनिल माने, पुलिस निरीक्षक रईस शेख, सहायक पुलिस निरीक्षक भरत धोडे और विशाल पाटिल की टीम ने कैनरा बैंक में दबिश देकर दो लोगों को गिरफ्तार किया. उनकी पहचान उमेश अरविंद चौधरी (31) और विनोद नंदू चव्हाण (24) के रूप में हुई है.

दोनों आरोपी आधार कार्ड बनवाने आने वाले लोगों से उनके कागजात पूरे नहीं होने की बात कहते थे. इसके बाद वे उनसे 4 से 5 हजार रुपए लेकर उन्हें आधार कार्ड बना कर देते थे. क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के पास से 5 हजार 230 रुपए नकद, 2 मोबाइल, कंप्यूटर, फिंगरप्रिंट, स्कैनर, आई स्कैनर, प्रिंटर, पेनकार्ड, आधार कार्ड, चुनावा आयोग का पहचान पत्र, डिबिट व क्रेडिट कार्ड जब्त किया है.

आय बढ़ाने के लिए बनेगा सेवा शुल्क विभाग

बिल्डरों से फायर सेफ्टी शुल्क वसूलेगी बीएमसी

नवभारत न्यूज नेटवर्क



मुंबई. कोरोना काल में कम हुई आर्थिक आय को बढ़ाने के लिए बीएमसी ने अब नया सेवा शुल्क विभाग बनाने का निर्णय लिया है. इस विभाग का काम बीएमसी की कमाई बढ़ाने के लिए नए स्त्रोत की खोज करना होगा. आय बढ़ाने के लिए बीएमसी ने अब बिल्डरों से फायर सेफ्टी शुल्क भी लेने का निर्णय लिया है.

झोपड़ावासियों से भी वसूलेंगे शुल्क

कोरोना काल में बीएमसी प्रापर्टी टैक्स सहित अन्य टैक्सों को नहीं वसूल सकी थी, इसलिए बीएमसी की आय बहुत कम हो गई थी. पूरे साल का 50 प्रतिशत आय जुटाना मुश्किल हो गया था. चुंगी बंद होने के बाद राज्य सरकार से जीएसटी से मिलने वाले अनुदान से ही मनपा की तिजोरी में कुछ हद तक कमाई हुई है. जीएसटी अनुदान पांच साल मिलने वाला है. जिसमें तीन साल बीत चुके हैं. बीएमसी पर अब अपनी आय बढ़ाने के लिए नए स्त्रोतों की तलाश करने का दबाव बढ़ गया है. बीएमसी गत 10 वर्षों से अपने कई विभागों की तरफ से वसूले जाने वाले शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है. इसलिए बीएमसी प्रशासन अब बिल्डरों से फायर सेफ्टी शुल्क भी वसूलेगी जिसकी मंजूरी राज्य सरकार से मिल चुकी है. बीएमसी राज्य सरकार के जीआर की प्रतीक्षा कर रही है.

इसी तरह शुल्क वसूलने के लिए नया विभाग नहीं होने से उस पर अमल नहीं हो पा रहा है. जिस कारण से बीएमसी को नुकसान उठाना पड़ रहा है. बीएमसी ने स्लम इलाकों से भी सेवा शुल्क वसूलने का प्रस्ताव पहले ही लाया था लेकिन इस पर भी अमल नहीं हो सका. इस बजट में फिर से झोपडावासियों से सेवा शुल्क वसूलने का प्रावधान किया गया है.

टैक्स वसूली के लि एक विशेष सेवाशुल्क विभाग होना आवश्यक है जिससे नये टैक्स प्रणाली और शुल्क वसूली में सुधार किया जा सके. बीएमसी की शुल्क वृद्धि होने से ही कमाई बढ़ेगी और लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में आसानी होगी.
- इकबाल सिंह चहल, बीएमसी कमिश्नर

शरजिल को लेकर आज भाजपा का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. पुणे के एल्गार परिषद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजिल उस्मानी के हिंदू विरोधी बयान को भाजपा तूल देने में जुटी है. शरजिल की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर पूर्व मंत्री आशीष शेलार ने सरकार पर निशाना साधा है. जबकि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफ से शुक्रवार को शरजिल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.

शेलार ने सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मंत्री व भाजपा नेता आशीष शेलार ने शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा है कि समाज में द्वेष फैलने का काम करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करने के बावजूद उसे गिरफ्तार नहीं किया गया. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफ से शुक्रवार को नरीमन पाइंट स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर शरजिल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.

बालासाहेब के आदर्शों की बलि

भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पांडेय ने आघाड़ी सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मेरा सवाल हैं, क्या हिन्दू हृदयसम्राट बाल ठाकरे के आदर्शों व विचारधारा को उन्होंने सत्ता के लिए बलि दे दी हैं?

मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा है कि पुणे एल्गार परिषद राष्ट्र विरोधी कार्य करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करती है. शरजिल उस्मानी ने हिंदुओं को सड़ा हुआ कहा है, उसकी हम निंदा करते हैं .उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए. आचार्य त्रिपाठी ने कहा है कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो भाजपा कार्यकर्ता शरजिल उस्मानी को महाराष्ट्र एवं मुंबई में घुसने नहीं देंगे.

4 लाख का गुटखा जब्त

मुंबई, सं. मुंबई पुलिस गुटखा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. इसके बावजूद गुटखा बिक्री जारी है. शाहू नगर पुलिस ने धारावी इलाके के एक गोदाम पर छापेमारी की. यहां से 4 लाख 10 हजार 375 रुपए मूल्य का गुटखा बरामद हुआ. पुलिस इस मामले के आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है. शाहू नगर पुलिस को सूचना मिली कि धारावी के रेहमत अली कंपाउंड के एक गोदाम में गुटखे की बड़ी खेप छुपाकर रखी गयी है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास गंगावने के मार्गदर्शन में उस गोदाम पर छापा मारा. पुलिस ने गोदाम से 4 लाख 10 हजार 375 रुपए मूल्य का गुटखा जब्त किया.

मुंबई-मडगांव जनशताब्दी स्पेशल ट्रेन 10 से

मुंबई, सं. मध्य रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई और मडगांव के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. 01151 जनशताब्दी सुपरफास्ट स्पेशल 10 फरवरी से अगले आदेश मिलने तक दादर से सप्ताह में 5 दिन (मंगलवार और शुक्रवार को छोड़कर) सुबह 5.25 बजे रवाना होगी और उसी दिन 2 .10 बजे मडगांव पहुंचेगी. 01152 जनशताब्दी सुपरफास्ट स्पेशल 10 फरवरी से अगले आदेश मिलने तक मडगांव से सप्ताह में 5 दिन (मंगलवार और शुक्रवार को छोड़ कर) दोपहर 2 .40 बजे रवाना होगी और उसी दिन रात 11 .15 बजे दादर पहुंचेगी.

कोरोना संकट के बाद लौटेगी रौनक

20 पर्यटन उत्सवों का आयोजन

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. कोरोना महामारी के बाद अब महाराष्ट्र में पर्यटन उद्योग को फिर से मजबूत करने के लिए राज्य के छह प्रभागों कोंकण, पुणे, नाशिक, औरंगाबाद, अमरावती और नागपुर में 20 पर्यटन उत्सवों का आयोजन किया जाएगा. यह आयोजन फरवरी और मार्च महीने में आयोजित किए जाएंगे. इन आयोजनों में नाशिक में ग्रेप हार्वेस्टिंग फेस्टिवल, नांदुर मधमेश्वर फेस्टिवल, भंडारा में काजवे फेस्टिवल और धुले जिले में ललिंग फोर्ट फेस्टिवल शामिल हैं.

नागपुर में होंगे कई कार्यक्रम

इसके अलावा पुणे में जुन्नर अंगूर महोत्सव, सातारा में वाई महोत्सव और कोल्हापुर में पन्हाला महोत्सव, सिंधुदुर्ग में वेंगुरला (सागरेश्वर) महोत्सव, रायगढ़ में श्रीवर्धन महोत्सव, रत्नागिरी में कातलशिल्प महोत्सव और अंजारले महोत्सव का आनंद लिया जा सकता है. पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से नागपुर संभाग में भी विभिन्न उत्सवों का आयोजन किया जाएगा. इनमें नागपुर में रामटेक फेस्टिवल, बोर डैम और वन्यजीव महोत्सव व गोंदिया में बोधलकसा पक्षी महोत्सव शामिल हैं. पर्यटन निदेशक धनंजय सावलकर ने कहा कि हमारी योजना महाराष्ट्र के उन पर्यटन स्थलों को मानचित्र पर लाना है, जो अभी तक ज्यादा लोकप्रिय नहीं हैं. उन्होंने कहा कि कोरोना संकट की वजह से पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका लगा है, लेकिन अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है.

लक्ष्य | दूसरी पार्टियों के नाराज नगरसेवकों पर SS की नजर

BMC में शिवसेना का मिशन 150 प्लस

अखिलेश कुमार मिश्र @नवभारत

मुंबई. देश ही नहीं बल्कि एशिया की सबसे समृद्धिशाली मुंबई महानगरपालिका चुनाव होने में अभी एक साल का समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक दलों ने अभी से चुनाव तैयारी शुरू कर दी है. मनपा चुनाव के लिए भाजपा के मिशन - 130 के जवाब में शिवसेना ने 150 प्लस का टार्गेट लिया है. इसकी जिम्मेदारी सभी विभाग प्रमुखों को दी गयी है. शिवसेना दूसरी पार्टियों के नाराज नगरसेवकों एवं कद्दावर नेताओं पर भी नजर लगाए हुए है. ऐसे लोगों को पार्टी में शामिल करके उनका उपयोग अपनी सीट बढ़ाने में किया जाएगा.

विभाग प्रमुखों को दी गई जिम्मेदारी

राज्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी सरकार बनने के बाद शिवसेना नेता एवं सांसद संजय राउत सहित अन्य नेताओं की तरफ से घोषणा की गयी थी कि मुंबई मनपा सहित राज्य में होने वाले सभी चुनाव आघाड़ी के तीनों प्रमुख घटक दल मिलकर लड़ेंगे. विधान परिषद चुनाव में इसका फायदा भी मिला, लेकिन मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष अशोक (भाई) जगताप ने मनपा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की घोषणा की है.

मनपा पर एक बार फिर भगवा

शिवसेना के मिशन 150 प्लस के तहत पिछले दिनों घाटकोपर में उत्तर- पूर्व विभाग की बैठक हुई. जिसमें शिवसेना सचिव एवं सांसद विनायक राउत, पूर्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय में समन्वयक रविंद्र वायकर, पूर्व महापौर एवं विधान सभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु, युवा सेना महासचिव वरुण सरदेसाई, रत्नागिरी संपर्क प्रमुख सुधीर मोरे, शिवसेना के नगरसेवक तुकाराम पाटिल , परमेश्वर कदम, विठ्ठल लोकरे, समीक्षा सक्रे, रुपाली आवले , स्नेहल मोरे, अश्विनी हांडे सहित अन्य लोग मौजूद थे.

शिवसेना के हौसले बुलंद

पिछले मनपा चुनाव के समय राज्य में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार थी. जिसकी वजह से भाजपा कार्यकर्ताओं में अधिक उत्साह था. मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को भी वरीयता दी थी. जिसकी वजह से भाजपा नगरसेवकों की संख्या 31 से बढ़कर सीधे 82 तक पहुंच गयी. बावजूद शिवसेना 84 सीट जीतने में कामयाब रही थी. इस बार के चुनाव में परिस्थितियां अलग हैं. राज्य में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी की सरकार है, जिससे शिवसैनिकों में उत्साह का वातावरण है .लोगों को भी सरकार से काफी अपेक्षा है.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
पर्यवेक्षण विभाग
सी-8, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा, मुंबई - 400 051

भारतीय रिज़र्व बैंक ने शिवम सहकारी बैंक लिमिटेड, इचलकरंजी, कोल्हापुर, महाराष्ट्र के लाइसेंस को रद्द किया

भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) ने 28 जनवरी 2021 के आदेश द्वारा शिवम सहकारी बैंक लिमिटेड, इचलकरंजी, कोल्हापुर, महाराष्ट्र के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। तदनुसार, उक्त बैंक 29 जनवरी 2021 के कारोबार की समाप्ति से बैंकिंग कारोबार संचालित नहीं करेगा। सहकारी आयुक्त एवं सहकारी समितियों, महाराष्ट्र के रजिस्ट्रार से भी अनुरोध किया गया है कि वे बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करें।

रिज़र्व बैंक ने बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है क्योंकि :

i. बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और आय की संभावना नहीं है। इस प्रकार, यह बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 11 (1) और धारा 22 (3) (डी) के प्रावधानों का पालन नहीं करता है।
ii. बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 22 (3) (ए), 22 (3) (बी), 22 (3) (सी), 22 (3) (डी) और 22 (3) (ई) की आवश्यकताओं का पालन करने में विफल रहा है;
iii. बैंक को जारी रखना उसके जमाकर्ताओं के हितों के प्रतिकूल है;
iv. बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के कारण अपने वर्तमान जमाकर्ताओं का पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ होगा; तथा
v. यदि बैंक को अपने बैंकिंग कारोबार को जारी रखने की अनुमति दी जाती है तो सार्वजनिक हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

2. इसके लाइसेंस को रद्द करने के परिणामस्वरूप, शिवम सहकारी बैंक लिमिटेड, इचलकरंजी, कोल्हापुर, महाराष्ट्र को तत्काल प्रभाव से बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 5(बी) में परिभाषित 'बैंकिंग' कारोबार जिसमें जमाराशि को स्वीकार करना और जमाराशि का पुनर्भुगतान शामिल है, करने पर प्रतिबंध है।
3. लाइसेंस रद्द करने और परिसमापन कार्यवाही शुरू करने के साथ, डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 के अनुसार, शिवम सहकारी बैंक लिमिटेड, इचलकरंजी, कोल्हापुर, महाराष्ट्र के जमाकर्ताओं के भुगतान की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। बैंक द्वारा प्रस्तुत डाटा के अनुसार, 99% से अधिक जमाकर्ता निक्षेप बीमा प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) द्वारा पूर्ण रूप से बीमाकृत हैं। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता को डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अधीन निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी जमाराशि का ₹5,00,000/- (पांच लाख रुपए मात्र) की मौद्रिक सीमा तक की जमाराशि बीमा दावा राशि का अधिकार प्राप्त होगा।

(मोनिषा चक्रवर्ती)
मुंबई मुख्य महाप्रबंधक

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/ एसएमएस/ टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
शेयर एवं बॉन्ड विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, 14वां तल, स्टेट बैंक भवन,
नरीमन प्वाइंट, मुंबई -400 021, महाराष्ट्र | दूरभाष: 022-22740841-6/22742403/22741431
वेबसाइट: https://bank.sbi | ई-मेल: investor.complaints@sbi.co.in

भारतीय स्टेट बैंक के शेयरधारकों से अपील
भौतिक शेयरों को डीमेट प्रारूप में बदलना एवं डाटा अद्यतन करना

1. जोखिम से बचने के लिए अपने भौतिक शेयरों को डीमेट में बदले
यदि आपके शेयर भौतिक रूप में हो तो, कृपया गुम होने/खराब होने/इधर-उधर होने के जोखिम से बचने के लिए तुरंत अपने भौतिक शेयरों को डीमेट रूप में बदल दें। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने निर्धारित किया है कि शेयरों के अंतरण के अनुरोध पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी, जब तक ये निक्षेपागार (एनएसडीएल/सीडीएसएल) के पास डीमेट रूप में न हो। डीमेट खाता खोलने के लिए, कृपया अधिकारिक रूप से वैध केवाईसी दस्तावेजों यथा (क) पैन (ख) आधार कार्ड (ग) पासपोर्ट (घ) मतदाता कार्ड (ङ) ड्राइविंग लाइसेन्स (च) रद्द किए गए चेक के साथ निक्षेपागार प्रतिभागी से तुरंत संपर्क करें और अपने भौतिक शेयरों को डीमेट रूप में बदलवाएँ। यदि आपके पास पहले से ही डीमेट खाता हो, तो डीमेट रूप में शेयरों को बदलने के लिए कृपया 1 रुपए के अंकित मूल्य का एसबीआइ शेयर प्रमाणपत्र अपने निक्षेपागार प्रतिभागी (डीपी) को प्रस्तुत करें।

2. एक रुपए के अंकित मूल्य के शेयर प्रमाणपत्र प्राप्त करने की कार्यविधि
दिनांक 22 नवंबर 2014 से 10 रुपए के अंकित मूल्य के शेयरों को 1 रुपए के अंकित मूल्य के 10 ईक्विटी शेयरों में विभाजित करने के परिणामस्वरूप, 1 रुपए के अंकित मूल्य के शेयर, सदस्यों के रजिस्टर में उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक से भेजे गए। गलत/अपूर्ण पता, पता उपलब्ध न होने आदि के कारण डाक विभाग द्वारा लौटाए गए पत्रों के लिए हमने पंजीकृत डाक, जहां कहीं भी मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी उपलब्ध होने पर एसएमएस/ई-मेल से अनुस्मारक भेज दिए हैं। हम 10 रुपए के अंकित मूल्य के भौतिक रूप में शेयर प्रमाणपत्र रखने वाले तथा 1 रुपए के अंकित मूल्य के शेयर प्राप्त न करने वाले सभी शेयरधारकों से निम्नलिखित दस्तावेज़ हमारे पंजीकरण एवं शेयर अंतरण एजेंट को प्रस्तुत करने का अनुरोध करते हैं, जिनका पता नीचे दिया गया है:
I. विधिवत भरा हुआ मूल सूचना फार्म (बीआईएफ)
II. स्वयं द्वारा सत्यापित केवाईसी की प्रतियाँ, जिनसे पहचान, पते का प्रमाण, फोटो दिखता हो।
III. पैन कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति
IV. 10 रुपए के अंकित मूल्य का मूल शेयर प्रमाणपत्र, यदि उपलब्ध हो तो।

3. सभी सूचनाएँ एवं लाभांश प्राप्त करने के लिए अपना केवाईसी डाटा अद्यतन करें
कृपया हमारे पंजीकरण एवं शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) जिनका पता नीचे दिया गया है, को मूल सूचना फार्म प्रस्तुत कर केवाईसी डेटा, ईमेल आईडी, पता, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता विवरण अद्यतन करा लें। डीमेट रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे सम्बद्ध निक्षेपागार प्रतिभागी से उनका अद्यतन करा लें, ताकि सूचनाएँ आसानी से प्राप्त हो सके और विप्रेषण अबाधित रूप से चले।

4. बैंक के पंजीकरण एवं शेयर अंतरण एजेंट को प्रस्तुत करने हेतु मूल सूचना फार्म डाउनलोड करें
मूल सूचना फार्म (बीआईएफ) को हमारी वेबसाइट **https://bank.sbi/documents/17836/21502/290120-Basic+Information+Form+-+BIF.pdf. से डाउनलोड किया जा सकता है।**

5. प्रश्न/संदेह एवं दस्तावेज़ भेजने के लिए हेल्पलाइन
किसी भी प्रकार के प्रश्न/संदेह के लिए कृपया हमारे पंजीकरण एवं शेयर अंतरण एजेंट जिनका पता नीचे दिया गया है अथवा ऊपर दिए गए फोन नंबर/ई-मेल आईडी पर भारतीय स्टेट बैंक के निवेशक शिकायत कक्ष से संपर्क करें। विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए कृपया bank.sbi---Investor Relations---Shareholder Bondholder Information पर जाएँ।
मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205 - 208 अनारकली कांप्लेक्स, झंडेवालां एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055, ई-मेल: sbi.igr@alankit.com, संपर्क: 7290071335.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05.02.2021
भारतीय स्टेट बैंक के लिए
महाप्रबंधक (शेयर एवं बॉन्ड)

Maruti Herbal

आज की जिंदगी में 'स्टे-ऑन' क्यों जरूरी हैं

जब आपको दौर्बल्य, शक्ति एवं स्फुर्ती की कमी और शरीर में शिथिलता महसूस होती है। ऐसे समय 'स्टे-ऑन' कॅप्सूल सेवन करने से, शरीर में शक्ति व स्फुर्ती कायम रखकर शरीर को पुष्ट बनाता हैं। यह सप्तधातुओं को शक्ति प्रदान करनेवाला योग हैं। 'स्टे-ऑन' में **अश्वगंधा, कौंच, शतावरी, सफेद मुसली** एवं **अकरकरा** जैसी मुल्यवान जड़ी-बुटीयों एवं शुद्ध शिलाजीत आदि से निर्मित है। इन जड़ी-बुटियों इत्यादि का वर्णन एवं विवेचन मान्य आयुर्वेदिक ग्रंथो/पुस्तक में मिलता है। यह योग शरीर को शक्ति एवं जोश प्रदान करने वाला हैं।

स्टे-ऑन : कॅप्सुल, ऑइल, ओरल लिक्विड
ये सब पैक केमिस्ट मे उपलब्ध
स्टे-ऑन पॉवर कॅप्सुल्स

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विनोद माहेश्वरी द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- विनोद माहेश्वरी, प्रबंध सम्पादक- निमिष माहेश्वरी. वर्ष 24 अंक 115 RNI Reg. No. 66960/97 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 23018222/43551515 फोन : 27756117/ 41573737 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए).